केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

CENTRAL SANSKRIT UNIVERSITY

एकलव्य परिसर, (त्रिपुरा) – 799210

EKALAVYA CAMPUS, TRIPURA

(Established by an Act of Parliament)

Ministry of Education, Government of India

Accredited 'A++' Grade by NAAC

दिनांक / Date: 28.11.2026

सूचना/Notice 264

परिसर के सभी विद्याशाखा अध्यक्षों, संयोजकों, प्रभारियों, कक्षा-संयोजकों एवं प्राध्यापकों को सूचित किया जाता है कि कतिपय कक्षाओं की सत्रार्द्ध परीक्षाएँ दिसम्बर के द्वितीय सप्ताह से प्रारम्भ हो रही हैं। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित बिन्दुओं/निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है:-

- अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन एवं समय-सारणी: जिन कक्षाओं अथवा प्रश्नपत्रों का पाठ्यक्रम अभी अपूर्ण है अथवा जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति निर्धारित मानक से कम है, सम्बन्धित विभागीय एवं विषय-अध्यापक अविलम्ब अतिरिक्त कक्षाएँ (Extra Classes) आयोजित कर पाठ्यक्रम एवं छात्रोपस्थिति की पूर्ति सुनिश्चित करें। अतिरिक्त कक्षाओं की समय-सारणी विभागीय छात्रों के समक्ष प्रदर्शित की जाए।
- सभी विद्याशाखा अध्यक्ष, संयोजक, प्रभारी एवं कक्षा-संयोजक छात्रोपस्थिति के विषय को गम्भीरता से लेते हुए कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों की पहचान करें तथा उन्हें अतिरिक्त कक्षाओं हेतु सम्बन्धित विभाग में सम्पर्क करने के लिए निर्देशित करें।
- कक्षा-संयोजक सम्बन्धित कक्षा के कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों की सूची तैयार कर दिनांक 01.12.2026 तक अनिवार्य रूप से निदेशक कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
- सम्बन्धित विषय-अध्यापक आयोजित की जाने वाली अतिरिक्त कक्षाओं का पृथक् उपस्थिति रजिस्टर/अभिलेख संधारित करें तथा परीक्षा से पूर्व उसे प्रमाणित कर कक्षा-संयोजक के माध्यम से कार्यालय में जमा कराएँ।
- **कम उपस्थिति वाले सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने-अपने विभाग में सम्पर्क स्थापित कर संचालित होने वाली अतिरिक्त कक्षाओं में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों, अन्यथा विश्वविद्यालय के नियमानुसार उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जा सकता है।**

सभी सम्बन्धित अधिकारी, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी इस सूचना को अत्यन्त गम्भीरता से लेने चाहेंगे।

28/11/2026

(प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी)
निदेशक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. समस्त विद्याशाखा अध्यक्ष / संयोजक / प्रभारी, एकलव्य परिसर।
2. समस्त प्राध्यापक एवं कक्षा-संयोजक, एकलव्य परिसर।
3. समन्वयक, आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC), के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
4. अनुभाग अधिकारी (प्रशासन/लेखा), के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
5. सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला।
6. सूचना पट्ट (छात्र-छात्राओं के अवलोकनार्थ) एवं छात्रावास अधीक्षक (बालक एवं बालिका छात्रावास)।
7. तकनीकी सहायक, के.सं.वि., एकलव्य परिसर, अगरतला (परिसर की आधिकारिक वेबसाइट एवं ईमेल द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित करने हेतु)।
8. संबद्ध कार्यालय पत्रावली।

निदेशक